पढ़े चलो, बढ़े चलो
Samagra Shiksha Abhiyan (Secondary Education)

# प्रश्न बैंक

# 2021–22

# विषय: हिन्दी

# कक्षा : 10वीं


**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र.**

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

# <u>प्रश्न बैंक निर्माणकर्ता</u>

- **डॉ. मीनाक्षी दुबे**
  **(उ.मा.शि.)**
  विषय विशेषज्ञ, स्टेट असेसमेंट सेल,
  लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

- **डॉ. चित्रा पिल्लै**
  (उ.श्रे.शि.)
  शासकीय उ.मा.वि. निशातपुरा, भोपाल

- **डॉ. धीरज कुमार शर्मा**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला मंदसौर

- **श्री कमलदीप बैरागी**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला देवास

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल

## हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2021–22

**BLUE PRINT OF QUESTION PAPER**

**कक्षा – 10वीं** **पूर्णांक – 80**

**विषय – हिन्दी** **समय – 3:00 घंटे**

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई एवं आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | क्षितिज भाग–2<br>काव्य खंड –<br>पद्य साहित्य का इतिहास, भक्ति काल, आधुनिक काल–छायावाद, प्रयोगवाद,नई कविता, कवि परिचय, भावार्थ, सौन्दर्य बोध तथा भाव एवं तथा विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 07 | 03 | – | 01 | 04 |
| 2 | काव्य बोध –<br>काव्य की परिभाषा एवं भेद रस की परिभाषा व्र प्रकार उदाहरण सहित, छन्द–मात्रिक छंद में दोहा, चौपाई, अलंकार–अनुप्रास, रुपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, मानवीकरण, पुनरुक्ति प्रकाश | 14 | 07 | 02 | 01 | – | 03 |
| 3 | क्षितिज भाग–2<br>गद्य खण्ड –<br>गद्य की विधाओं का परिचय, लेखक परिचय, व्याख्या, विषय वस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 16 | 06 | 03 | – | 01 | 04 |
| 4 | भाषा बोध –<br>निपात शब्द, वाक्य क्रिया के भेद व क्रिया विशेषण, समुच्च्य बाधक, मुहावरे व लोकोक्ति, अनेकार्थी शब्द, समास, विज्ञापन लेखन, सूचना लेखन | 11 | 06 | 01 | 01 | – | 02 |
| 5 | कृतिका भाग – 2<br>पूरक पाठ्य पुस्तक से विवधि पाठों पर आधारित प्रश्न, आंचलिक भाषा के पाठों में से प्रश्न | 08 | 06 | 01 | – | – | 01 |
| 6 | अपठित बोध –<br>अपठित काव्यांश/अपठित गद्यांश | 03 | – | – | 01 | – | 01 |
| 7 | पत्र – लेखन<br>औपचारिक पत्र/अनौपचारिक पत्र | 04 | – | – | – | 01 | 01 |
| 8 | निबन्ध लेखन –<br>किसी एक विषय पर किसी एक शीर्षक पर अनुच्छेद लेखन व संवाद लेखन | 07 | – | – | 01 | 01 | 02 |
| | **कुल योग** | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18 + 5 = 23 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश :–**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 1 अंक निर्धारित हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उपइकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्ननुसार होगी :–
   अति लघु उत्तरीय प्रश्न 02 अंक लगभग 30 शब्द
   लघु उत्तरीय प्रश्न 03 अंक लगभग 75 शब्द
   दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 04 अंक लगभग 120 शब्द
2. 40 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 प्रतिशत पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्न, 20 प्रतिशत विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।
3. सत्र 2021–22 हेतु कम किये गये पाठ्यक्रम में से प्रश्न–पत्र में प्रश्न न दिये जायें।
   पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रायोजना कार्य हेतु 20 अंक आवंटित हैं।

**कक्षा 10 वी**

**विषय – हिन्दी**

**इकाई–1**

**परीक्षा में अधिभार**

| **क्र.** | **पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु** | **इकाई पर आवंटित कुल अंक** | **वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1अंक** | **अंकवार प्रश्नों की संख्या** | | | **कुल प्रश्न** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2 अंक** | **3 अंक** | **4 अंक** | |
| 01 | क्षितिज भाग–2 काव्यखण्ड<br>• पद्य साहित्य का इतिहास, भक्ति काल, आधुनिक काल– छायावाद, प्रयोगवाद, नई कविता<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ<br>• सौन्दर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 07 | 03 | – | 01 | 04 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 7 प्रश्न तथा 2–2अंक के 3 प्रश्न तथा 04 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

- क्षितिज भाग 2 के काव्य खण्ड से 'देव के पद', 'यह दंतुरित मुस्कान', 'फसल' एवं 'संगतकार' कविता से परीक्षा में कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।

**इकाई–1**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(एक अंकीय)**

प्र.1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1) हिन्दी के पद्य साहित्य का दूसरा काल है–
   (क) रीतिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) आदिकाल (घ) आधुनिक काल
2) आधुनिक काल का आरम्भ होता है–
   (क) संवत् 1900 से (ख) संवत् 1050 से (ग) संवत् 1375 से (घ) संवत् 1800 से
3) छायावाद के आधार स्तम्भ कवि नहीं हैं–
   (क) निराला (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) महादेवी वर्मा (घ) सूरदास
4) प्रयोगवाद के कवि हैं–
   (क) अज्ञेय (ख) सुमित्रानंदन पंत (ग) महादेवी वर्मा (घ) तुलसीदास
5) नई कविता के कवि हैं–
   (क) निराला (ख) सुमित्रानंदन पंत (ग) महादेवी वर्मा (घ) रघुवीर सहाय
6) भक्तिकाल की समय सीमा हैं–
   (क) संवत् 1050 से संवत् 1375 (ख) संवत् 1375 से संवत् 1700
   (ग) संवत् 1700 से संवत् 1900 (घ) संवत् 1900 से अब तक

7) प्रयोगवाद का आंरभ माना जाता है–
(क) सन् 1943 से (ख) सन् 19111 से (ग) सन् 1963 से (घ) सन् 1936 से

8) नंद–नंदन का प्रयोग किया गया है–
**क**. उद्धव के लिए **ग**. गोपियों के लिए
**ख**. कृष्ण के लिए **घ**. सूरदास के लिए

9) गोपियों को ज्ञान व योग की बातें लगती है–
**क**. मधुर **ग**. नीरस
**ख**. कड़वी ककड़ी सी **घ**. अग्नि के समान

10) गोपियों ने श्रीकृष्ण की तुलना की है–
**क**. हारिल की लकड़ी से **ग**. नीम की लकड़ी सें
**ख**. चंदन की लकड़ी से **घ**. तुलसी की लकड़ी से

11) 'व्याधि' शब्द का अर्थ हैः–
**क**. आधार **ग**. चिंता
**ख**. रोग **घ**. विरह

12) सूर के पद में भाषा है–
**क**. ब्रज **ग**. मैथिली
**ख**. खड़ी बोली **घ**. बघेली

13) 'मरजादा न लही' के माध्यम से मर्यादा की बात कही है –
**क**. समाज की **ग**. प्रेम संबंध की
**ख**. परिवार की **घ**. ग्राम धर की

14) सूरदास के गुरू थे –
**क**. नरहरिदास **ग**. विठ्ठलनाथ
**ख**. हरिदास **घ**. बल्लभाचार्य

15) सूर के आराध्य हैं–
**क**. श्रीराम **ग**. नानक
**ख**. श्रीकृष्ण **घ**. शिव

16) 'पुरइनि पात' का अर्थ है –
**क**. कमल का पत्ता **ख**. कमल का फूल
**ग**. पूरी तरह **घ**. पुरवाई

17) सूर की रचना नहीं है–
**क**. सूरसागर **ग**. साहित्य लहरी
**ख**. सूरसारावली **घ**. विनय पत्रिका

18) परशुराम को व्यंग्य भरे उत्तर दिए –
**क**. राम ने **ग**. लक्ष्मण ने
**ख**. विश्वामित्र ने **घ**. जनक

19) शिव–धनुष के टूटने पर क्रोधित हो उठे –
**क**. विश्वामित्र **ग**. परशुराम
**ख**. लक्ष्मण **घ**. रावण

20) रामचरितमानस की भाषा है –

क. ब्रज | ग. बुन्देली
ख. अवधी | घ. मालवी

21) राम–लक्ष्मण के गुरु का नाम था –

क. परशुराम | ग. विश्वामित्र
ख. भृगु | घ. तुलसीदास

22) सहस्त्रबाहु का वध किया था –

क. राम ने | ग. परशुराम ने
ख. लक्ष्मण ने | घ. विश्वामित्र ने

23) कवि अपनी आत्मकथा को बता रहा है –

क. भोली | ग. करुण
ख. सच्ची | घ. सुंदर

24) थके पथिक की पंथा में अंलकार है –

क. उपमा | ग. अनुप्रास
ख. यमक | घ. रुपक

25) छायावाद के प्रतिनिधि कवि हैं –

क. जयशंकर प्रसाद | ग. ऋतुराज
ख. सूरदास | घ. धर्मवीर भारती

26) प्रसाद जी को 'कामायनी' पर पारितोषिक मिला –

क. ज्ञानपीठ | ग. दिनकर पारितोषिक
ख. सरस्वती सम्मान | घ. मंगला पारितोषिक

27) जयशंकर प्रसाद का संग्रह नहीं है –

क. आकाशदीप | ग. इंद्रजाल
ख. आँधी | घ. साये में धूप

28) उत्साह कविता में बादल प्रतीक है –

क. शांति का | ग. गति का
ख. क्रांति का | घ. सुख का

29) कवि ने बादलों को किसकी कल्पना के समान पाले हुए माना है –

क. बाल कल्पना | ग. आसमान की कल्पना
ख. विद्युत की कल्पना | घ. काले घुंघराले वालों की कल्पना

30) कवि ने बादलों के लिए विशेषण प्रयोग किया है –

क. अनन्त | ग. ललिता
ख. नवजीवन वाले | घ. मनमोहक

31) कवि बादलों से बरसने का आह्वान कर रहा है –

क. गोल–गोल घूमकर बरसने को | ग. आकाश को घेरकर बरसने को
ख. धीरे–धीरे बरसने को | घ. तीव्र वेग में बरसने को

32) कवि ने तृप्त धरा के माध्यम से संकेत किया है –

क. जनसामान्य की पीड़ा | ग. अत्यधिक गर्मी
ख. जलवायु परिवर्तन | घ. वैश्विक तपन

33) 'नाश और निर्माण' के रचनाकार हैं –

क. निराला | ग. नागार्जुन
ख. जयशंकर प्रसाद | घ. गिरिजाकुमार माथुर

34) गिरिजाकुमार माथुर के अनुसार प्रभुता का शरण बिम्ब है –

क. मृगतृष्णा | ग. गरिमा
ख. हीनता | घ. कायरता

35) नई कविता के समर्थ कवि हैं –

क. प्रसाद | ग. निराला
ख. पंत | घ. गिरिजाकुमार माथुर

36) "लड़की जैसी दिखाई मत देना" से माँ का क्या आशय है –

क. दुर्बलता को ताकत बनाने के लिए | ग. प्रताड़ित होने के लिए
ख. अन्याय सहने के लिए | घ. दुर्बल होने के लिए

37) 'सुरत निरत' काव्य संग्रह के कवि हैं –

क. नागार्जुन | ग. निराला
ख. ऋतुराज | घ. महादेवी वर्मा

38) 'कन्यादान' कविता में नारी के किस भाव की अभिव्यक्ति है –

क. क्रूरता | ग. संवेदनहीनता
ख. क्रोध | घ. संवेदनशीलता

**प्र.2. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए। (एक अंकीय)**

1. सूर की भक्ति ..........................भाव की है। (साख्य भाव / दास भाव)
2. सूरदास ..................थे। (जन्मांध / गूंगे)
3. गोपियां उद्धव को .................मानती हैं। (हतभागी / बड़भागी)
4. गोपियों के लिए श्री कृष्ण हारिल की ..................की तरह है। (लकड़ी / फूल)
5. हरि हैं ....................पढ़ि आए। (राजनीति / कूटनीति)
6. सूरदास का निधन ....................में हुआ। (रुनकता / पारसौली)
7. गोपियों ने मधुर संबोधन .....................के लिए दिया। (कृष्ण / उद्धव)
8. सूरदास जी मुख्यतः .................... रस के कवि हैं। (वात्सल्य रस / शांत रस)
9. योग संदेश लेकर ....................मथुरा से बृजधाम आये हैं। (अक्रूर / उद्धव)
10. 'छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू' कथन ................का है। (विश्वामित्र / लक्ष्मण)
11. परशुराम स्वभाव से .......................थे। (क्रोधी / दयालु)
12. रघुकुल में देवता, ब्राह्मण, ईश्वर भक्त और .................... का वध नहीं किया जाता था। (गाय / पक्षियों )
13. ............................व्यक्ति अपनी प्रशंसा स्वयं ही करते हैं। (निडर / कायर)
14. परशुराम के गुरु ................ थे। (भगवान शिव / भगवान विष्णु)
15. कवि के सरल स्वभाव के कारण ....................ने धोखा दिया है। (मित्रों / रिश्तेदारों)
16. आलिंगन में आते–आते ...................जो भाग गया। (रुठकर / मुसक्या)
17. निराला ने बादलों से ..................का आग्रह कर रहा है। (बरसने / नाचने)
18. निराला ने बादलों को ...................के समान सुन्दर बताया है। (केशों / आँखों)
19. उत्साह कविता की भाषा .......................है। (संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली / बघेली)
20. निराला की अधिकांश रचनायें ..................छंद में मिलती हैं। (गीतिका / मुक्तक)

21. दृविधाहत साहस का शाब्दिक अर्थ ..................है। (साहस होते हुए दुविधाग्रस्त रहना / बिना दुविधा के रहना)
22. हर चंद्रिका में छिपी एक रात ....................है। (कृष्णा / सुंदर)
23. कविता 'छाया मत छूना' में अतीत की स्मृतियों को भूल वर्तमान का सामना कर ................का वरण करने का संदेश दिया गया है। (भविष्य / वर्तमान)
24. 'छाया मत छूना' कविता में ..................भाव बोध की अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। (रोमानी / सुहानी)
25. ................रोटियाँ सेंकने के लिए हैं, जलने के लिए नहीं है। (आग / आटा)
26. कवि ऋतुराज के अनुसार "वस्त्र और आभूषण" स्त्री जीवन के .............. हैं। (बंधन / अलंकरण)
27. विदा के समय माँ को अपनी बेटी ...............पूंजी प्रतीत हो रही थी। (अंतिम / संचित)
28. ऋतुराज ने चालीस वर्षों तक ..................साहित्य का अध्यापन किया। (हिन्दी / अंग्रेजी)
29. सोमदत्त, परिमल सम्मान ...............को मिला। (ऋतुराज / निराला)
30. ऋतुराज की कविताएँ .............हैं। (तुकान्त / छन्दमुक्त)

**प्र.3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए –** **(एक अंकीय)**

1)

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| i. | सूर के पद | (क) | निराला |
| ii. | उत्साह | (ख) | सूरदास |
| iii. | निराला | (ग) | अट नहीं रही है |
| iv. | राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद | (घ) | जयशंकर प्रसाद |
| v. | 'छाया मत छूना' | (ड.) | ऋतुराज |
| vi. | 'आत्मकथ्य' | (च) | तुलसीदास |
| vii. | 'कन्यादान' | (छ) | गिरिजाकुमार माथुर |

2)

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| i. | 'विनयपत्रिका' | (क) | गिरजाकुमार माथुर |
| ii. | 'कामायनी' | (ख) | तुलसीदास |
| iii. | 'साहित्य लहरी' | (ग) | जयशंकर प्रसाद |
| iv. | 'शिलापंख चमकीले' | (घ) | सुरदास |
| v. | 'पुल पर पानी' | (ड.) | ऋतुराज |

3)

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| i. | मधुकर | (क) | परशुराम |
| ii. | मदनमहीप | (ख) | उद्धव |
| iii. | श्री ब्रजदूलह | (ग) | श्रीकृष्ण |
| iv. | प्रातहि जगावत | (घ) | बसंत |
| v. | प्यारी राधिका को प्रतिबिंब सो लगत चंद | (ड.) | ऋतुराज |

4)

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| i. | सूरदास का जन्म एवं मृत्यु | (क) | सन् 1889, सन् 1937 |
| ii. | तुलसीदास का जन्म एवं मृत्यु | (ख) | सन् 1478, सन् 1583 |
| iii. | जयशंकर प्रसाद का जन्म एवं मृत्यु | (ग) | सन् 1532, सन् 1623 |
| iv. | निराला का जन्म एवं मृत्यु | (घ) | सन् 1918, सन् 1994 |
| v. | गिरिजाकुमार माथुर का जन्म एवं मृत्यु | (ड.) | सन् 1940 |
| vi. | ऋतुराज का जन्म | (च) | सन् 1899, सन् 1996 |

**प्र.4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** **(एक अंकीय)**

1. सूरदास भक्तिकाल की किस शाखा के कवि हैं ?
2. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या है ?
3. सूर–सारावली के कवि का क्या नाम है ?
4. क्षितिज भाग 2 में संग्रहित सूर्य के 4 पद कहाँ से लिए गए हैं ?
5. गोपियों ने भ्रमण के बहाने किस पर व्यंग्य बाण छोड़े हैं।
6. राम लक्ष्मण परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है
7. गोस्वामी तुलसीदास की मृत्यु कहाँ हुई ?
8. सीता स्वयंवर में राम–लक्ष्मण किसके साथ आए थे ?
9. 'बालकु बोलि बधौ नहीं तोही' में कौन सा अलंकार है ?
10. ऊँगली दिखाने से कौन मुरझा जाता है ?
11. कवि प्रसाद जी अपने किस स्वभाव को दोष नहीं देना चाहते ?
12. मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ किसका प्रतीक है ?
13. 'आत्मकथ्य' कविता में किस पक्ष की अभिव्यक्ति हुई ?
14. प्रेयसी के कपोलों की लालिमा की तुलना किससे की गई है ?
15. प्रसाद जी के आलिंगन में आते–आते क्या भाग गया ?
16. बादल के हृदय में कौन छुपा है ?
17. विश्व के सकल जन कैसे हो रहे हैं ?
18. घेर–घेर घोर गगन में कौन सा अलंकार है ?
19. बादल किस दिशा से आते हैं ?
20. तृप्त धरा का सांकेतिक अर्थ क्या है ?
21. 'यामिनी' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
22. गिरिजाकुमार माथुर के एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए।
23. गिरिजाकुमार माथुर किस मिजाज के कवि हैं ?
24. 'कन्यादान' पाठ में माँ बेटी को कौन–सा पाठ पढ़ाना चाहती थी।
25. पाठिका किसे कहा गया है।
26. माँ पुत्री को किस तरह रहने का कहती है।
27. स्त्री के बंधन कौन–से है ?
28. कवि ऋतुराज ने धुंधले प्रकाश की पीठिका किसे कहा है।

**प्र.5. सत्य–असत्य लिखिए–** **(एक अंकीय)**

1. गोपियाँ कृष्ण द्वारा चुराए गए अपने मन को वापस माँग रही हैं।
2. अच्छे लोग परहित के लिए दौड़े चले आते हैं ।
3. उद्धव का संदेश गोपियों को गुड़ की तरह मीठा लगा।
4. योग संदेश सुनकर गोपियों की विरह अग्नि बढ़ रही है।
5. राजा का धर्म है कि प्रजा को ना सताए।

6. शिव धनुष राम ने तोड़ा।
7. कुछ क्षत्रिय राजाओं को हराकर परशुराम राम लक्ष्मण को हराने के सपने देख रहे थे।
8. वीर व्यक्ति अपनी प्रशंसा स्वयं करते हैं।
9. शिव धनुष को खंडित देखकर परशुराम क्रोधित हो उठे।
10. परशुराम के फरसे को देखकर लक्ष्मण भयभीत हो गए।
11. जयशंकर प्रसाद का जन्म वाराणसी में हुआ।
12. 'आत्मकथ्य' कविता पहली बार 1932 में हंस के आत्मकथा विशेषांक में प्रकाशित हुई थी।
13. जयशंकर प्रसाद मौन रहकर औरों की कथा सुनने के इच्छुक थे।
14. कवि जयशंकर प्रसाद अपने जीवन के निजी अनुभवों को सबसे बांटना चाहते हैं।
15. कवि प्रसाद ने अपने मन को भँवरे का रूप दिया है।
16. 'अट नहीं रही' कविता फागुन की मादकता को प्रकट करती है।
17. छायावादी कवियों में निराला ने सबसे पहले मुक्तक छंद का प्रयोग किया।
18. निराला पूंजीवाद के समर्थक तथा पोषक थे।
19. निराला को आधुनिक कवि भी कहा जाता है।
20. निराला प्रगतिवादी कवि हैं।
21. गिरिजाकुमार माथुर प्रयोगवादी कवि थे।
22. 'लीला मुखारविंद' गिरिजाकुमार माथुर का काव्य संग्रह है।
23. जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण।
24. गिरिजाकुमार माथुर का जन्म दिल्ली में हुआ था।
25. गिरिजाकुमार माथुर की प्रारंभिक शिक्षा झाँसी (उत्तर प्रदेश) में हुई।
26. 'छाया मत छूना' गिरिजाकुमार माथुर की कविता है।
27. चाँदनी रात के बाद अंधेरी रात आती है।
28. गिरिजाकुमार माथुर का निधन 1994 में हुआ।
29. ऋतुराज जनवादी कवियों की श्रेणी में आते हैं।
30. माँ ने अंतिम पूँजी बेटी को कहा है।
31. माँ ने कहा–'लड़की होना पर लड़की जैसे दिखाई मत देना।'

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के 30–30 शब्दों में उत्तर लिखिए। (2 अंकीय प्रश्न)**

1. पद्य सहित्य से आप क्या समझते है ?
2. भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए।
3. छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए।
4. भक्तिकाल के दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक–एक रचना का नाम लिखिए।
5. छायावाद के दो कवियों के नाम एवं प्रत्येक की एक–एक रचना का नाम लिखिए।
6. गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?
7. सूरदास की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
8. सूरदास का भावपक्ष लिखते हुए 2 रचनाओं के नाम लिखिए।
9. महाकवि सूरदास का साहित्य में स्थान निर्धारित कीजिए।
10. गोस्वामी तुलसीदास की दो रचनाओं के नाम एवं काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
11. गोस्वामी तुलसीदास के काव्य का भावपक्ष एवं हिन्दी साहित्य में उनका स्थान लिखिए।
12. जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।
13. जयशंकर प्रसाद के काव्य का भावपक्ष स्पष्ट कीजिए।
14. आधुनिक हिन्दी साहित्य में जयशंकर प्रसाद का क्या स्थान है ?
15. निराला के काव्य का भावपक्ष एवं कलापक्ष लिखिए।
16. निराला की दो रचनाएँ एवं हिन्दी साहित्य में उनका स्थान स्पष्ट कीजिए।
17. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है ?

18. गोपियों ने किन–किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं ?
19. उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि में घी का काम कैसे किया ?
20. 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है ?
21. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?
22. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?
23. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए ?
24. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई ?
25. अवधी भाषा आज किन–किन क्षेत्रों में बोली जाती हैं ?
26. कवि जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते थे ?
27. आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं' कवि ऐसा क्यों कहता है ?
28. स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि प्रसाद जी का क्या आशय है ?
29. निराला बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर ' गरजने' के लिए कहते हैं, क्यों ?
30. कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया है ?
31. 'उत्साह 'कविता में बादल किन–किन अर्थो की ओर संकेत करता है ?
32. कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नही हट रही है ?
33. फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ?
34. गिरिजाकुमार माथुर ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?
35. 'छाया' शब्द किस सन्दर्भ में प्रयुक्त हुआ है ? कवि ने उसे छूने के लिए मना क्यों किया है ?
36. 'मगृतृष्णा' किसे कहते है, छाया मत छूना' कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ?
37. 'छाया मत छूना' कविता में व्यक्त दुख के कारणों को स्पष्ट कीजिए ?
38. माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखाई देना।
39. 'आग से रोटियाँ सेंकने के लिए माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा ?
40. माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी ?
41. माँ ने बेटी को क्या–क्या सीख दी ?

**भावार्थ**

**प्र.7. निम्नलिखित पद्यांशो का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए।** **(4 अंकीय प्रश्न)**

(1) ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माँह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी मैं पाँऊ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(2) हमारै हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद–नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जकरी।
सुनत जोग लगत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याहि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौपों, जिनके मन चकरी।।

(3) नाथ संभुधनु भंजनिहारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयिसु काह कहिअ किन मोही, सुनि रिसाई बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जोहि सिवधनु तोरा, सहसबाहु सम से रिपु मोरा।।

(4) मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिररहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलनि उपहास।

(5) बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के–से पालि,
वज्र छिपा, नूतन कविता,
फिर भर दो–बादल, गरजो!

(6) अट नहीं रहीं है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रहीं है।

(7) छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।
जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र–गंध फैली मनभावनी;
तन–सुगंध शेष रहीं, बीत गई यामिनी,
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूली–सी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण–

(8) माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए हैं
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

## इकाई–2

**परीक्षा में अधिभार**

| क्र. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | काव्यबोध<br>• काव्य की परिभाषा एवं भेद<br>• रस की परिभाषा प्रकार, उदाहरण<br>• छन्द– दोहा चौपाई<br>• अंलकार– अनुप्रास,उपमा,रूपक, उत्प्रेक्षा मानवीकरण, पुनरूक्ति प्रकाश | 14 | 07 | 02 | 01 | – | 03 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु –**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 7 प्रश्न तथा 2–2 अंक के 2 प्रश्न तथा 3 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जायेगा।

## इकाई क्रमांक – 2
## काव्य बोध

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(एक अंकीय)**

**प्र.1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

1. सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है–
   (क) रामचरित मानस (ख) कामायनी (ग) साकेत (घ) पद्मावत
2. 'रामचरित मानस' महाकाव्य के रचयिता हैं–
   (क) तुलसीदास (ख) मलिक मोहम्मद जायसी
   (ग) मैथलीशरण गुप्त (घ) जयशंकर प्रसाद
3. रौद्र रस का स्थायी भाव होगा–
   (क) उत्साह (ख) हँसी (ग) क्रोध (घ)विस्मय
4. दोहा छन्द में मात्राएँ' होती हैं–
   (क) 15 (ख) 22 (ग) 26 (घ) 24
5. 'चौपाई छन्द' प्रकार है–
   (क) मात्रिक छन्द का (ख) वार्णिक छन्द का (ग) मुक्तक छन्द का (घ)गेय छन्द का
6. श्रृंगार रस का स्थायी भाव है–
   (क) रौद्र (ख) रति (ग) निर्वेद (घ)अद्भुत
7. 'अबलौ नसानी अब न नसैहों' पंक्ति में निहित रसभाव है–
   (क) वीभत्स रस (ख) अद्भुत रस (ग) भयानक रस (घ) शान्त रस
8. रस के अंग या अवयव माने गए हैं–

(क) पांच (ख) छः (ग) चार (घ) सात

9. शब्दालंकार के प्रमुख प्रकार हैं–
(क) उपमा, रूपक, अनुप्रास (ख) अनुप्रास, यमक, श्लेष,
(ग) अनुप्रास, उत्प्रेक्षा, यमक (घ) उपमव, रूपक, उत्प्रेक्षा

10. छन्द के प्रमुख तत्व माने गए हैं–
(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच (घ)छः

**प्रश्न 2 रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए।** **(एक अंकीय)**

1. रंगमंच पर अभिनय आदि देखकर रसानुभूति कराने वाला ............. कहलाता है। (श्रव्यकाव्य / दृश्यकाव्य)
2. चौपाई छंद में————मात्राएँ होती है। (चौबीस / सोलह)
3. 'कामायनी'—————है। (खण्डकाव्य / महाकाव्य)
4. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्म——————कहलाते हैं। (छंद / अलंकार)
5. जिसके प्रति स्थायी भाव उत्पन्न हो, वह————कहलाता है। (आलम्बन / उछीपन)
6. श्रव्य काव्य के————भेद होते हैं। (तीन / दो)
7. 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्'—————की परिभाषा है– (आचार्य विश्वनाथ / भरतमुनि)
8. 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य————की रचना है– (कवि दिनकर / मैथलीशरण गुप्त)
9. जिस काव्य में अगले व पिछले गद्यों का पारस्परिक संबंध न हो उसे——————कहा जाता है। (मुक्तक काव्य / प्रबन्ध काव्य)

**प्रश्न 3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए।** **(एक अंकीय)**

(1)

| | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | 'पृथ्वीराज रासो' | (क) 33 |
| 2. | संचारी भावों की संख्या | (ख) महाकाव्य |
| 3. | महाकाव्य | (ग) निर्वेद |
| 4. | शान्त रस का स्थायी भाव | (घ) खण्डकाव्य |
| 5. | 'पंचवटी' | (ड़) 'रामचरित मानस' |

(2)

| | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | जिन कारणों से स्थायी भाव उदीप्त होता है। | (क) मैथलीशरण गुप्त |
| 2. | नायक–नायिका मिलन | (ख) उद्धीपन विभाव |
| 3. | हिन्दी का सबसे अधिक लोक प्रिय महाकाव्य | (ग) गेय मुक्तक |
| 4. | रागात्मकता की प्रधानता वाला मुक्तक | (घ) श्रृंगार रस |
| 5. | 'साकेत' | (ड़) 'रामचरित मानस' |

**प्रश्न 4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** **(एक अंकीय)**

1. नायक के सम्पूर्ण जीवन का चित्रण किस काव्य में मिलता है।
2. जिस काव्य में एक ही सर्ग होता है, उसे क्या कहते है?
3. आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को क्या कहते है?
4. जहाँ नायक–नायिका के विरह का वर्णन है, वहाँ कौन–सा रस होगा?
5. स्थायी भाव जागने या उदीप्त होने पर आश्रय की शारीरिक चेष्ठाएँ क्या कहलाती है?
6. वर्ण, मात्रा, यति, आदि से नियोजित शब्द रचना को क्या कहते है?
7. स्थायी भावों के उत्पन्न होने के कारणों को क्या कहते है?
8. वात्सल्य रस के अलावा रसों की संख्या कितनी मानी गई है?
9. 'श्री कृष्ण के सुन वचन,अर्जुन क्रोध से जलने लगे' में कौन–सा रस विद्यमान है?
10. चौपाई छन्द में कितनी मात्राएँ होती हैं–

**प्रश्न 5 सत्य/असत्य लिखिए।** **(एक अंकीय)**

1. प्रबन्ध काव्य में पूर्वापर संबंध नहीं होता है।
2. अस्थिर मनोविकारों को स्थायी भाव कहते हैं।
3. विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के संयोग से रस निष्पति होती है।
4. करूण रस का स्थायी भाव शोक है।
5. 'अनुराग तडाग में भानु उदै' में उपमा अलंकार है।
6. 'रामचरित मानस' का प्रमुख छन्द चौपाई है।
7. वीभत्स रस का स्थायी भाव जुगुप्सा (घृणा) है।
8. श्रृंगार रस का स्थायी भाव रति है।
9. खण्डकाव्य मुक्तक काव्य का एक भेद हैं।
10. महाकाव्य प्रबन्ध काव्य का एक भेद है।

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के 30–30 शब्द में उत्तर दीजिए।** **(2 अंकीय प्रश्न)**

1. काव्य की परिभाषा व काव्य के मुख्य भेद लिखिए।
2. शैली के दृष्टि से काव्य के भेद लिखिए।
3. प्रबन्ध काव्य की परिभाषा व उदाहरण लिखिए।
4. मुक्तक काव्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
5. प्रबन्ध काव्य के प्रमुख भेदों के नाम लिखिए।
6. महाकाव्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
7. खण्डकाव्य से आप क्या समझते हैं, उदाहरण सहित लिखिए।
8. आख्यानक गीतियाँ से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए।
9. पाठ्य मुक्तक काव्य से क्या आशय हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।
10. गेय मुक्तक काव्य की परिभाषा लिखिए।
11. आचार्य भरत मुनि के अनुसार रस की परिभाषा लिखिए।
12. रस के प्रमुख अंग अथवा अवयव के नाम लिखिए।
13. श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
14. वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
15. छन्द किसे कहते हैं ? छन्द के प्रकार लिखिए।
16. मात्रिक छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
17. दोहा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
18. चौपाई छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों के 75–75 शब्द में उत्तर दीजिए।** **(3 अंकीय प्रश्न)**

1. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. पाठ्यमुक्तक एवं गेय मुक्तक में अन्तर लिखिए।
3. मात्रिक छन्द एवं वार्णिक छन्द में अन्तर लिखिए।
4. संचारी भाव एवं स्थायी भाव में अन्तर लिखिए।
5. विभाव व अनुभाव में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## इकाई–3

### परीक्षा में अधिभार

| क. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1अंक | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | क्षितिज भाग–2 काव्यखण्ड क्षितिज भाग–2<br>• गद्य खण्ड–गद्य खण्ड की विधाओं का परिचय<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या<br>• विषय वस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 16 | 06 | 03 | – | 01 | 04 |

### महत्वपूर्ण बिन्दु

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 6 प्रश्न, 2–2 अंक के 3 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्नपरीक्षा में पूछा जाएगा।

- क्षितिज भाग 2 के गद्य खण्ड से 'लखनवी अंदाज', 'नौबतखाने में इबादत', पाठ से परीक्षा में कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्र.1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. गद्य का प्रारम्भिक रूप था–
   (क) लिखित (ख) बोलचाल का रूप (ग) कविता के रूप में (घ) गज़ल के रूप में
2. गद्य की विधा नहीं है–
   (क) महाकाव्य (ख) कहानी (ग) नाटक (घ) एकांकी
3. उपन्यास सम्राट हैं–
   (क) प्रसाद जी (ख) प्रेमचन्द (ग) महादेवी वर्मा (घ) मन्नू भंडारी
4. 'यदि गद्य कवियों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है' कथन है–
   (क) मन्नू भंडारी (ख) प्रेमचन्द का
   (ग) नंददुलोर वाजपेई को (घ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का
5. 'आधुनिक काल में गद्य का अविर्भाव सबसे प्रधान सहित्यिक घटना है' उक्त कथन है–
   (क) रामचंद्र शुक्ल का (ख) गुलाबराय का
   (ग) डॉ. नगेन्द्र का (घ) रामवृक्ष बेनीपुरी का
6. 'नेताजी का चश्मा' कहानी का मूल भाव है–
   (क) प्रेमसम्बन्ध (ख) शिक्षा का विकास
   (ग) समाज सुधार (घ) देशभक्ति की भावना
7. नेता जी की मूर्ति थी–
   (क) संगमरमर (ख) काले पत्थर की (ग) मिट्टी की (घ) मोम की

8. कस्बे के चौराहे पर प्रतिमा लगी थी–
(क) भीमराव अम्बेडकर की (ख) महात्मा गाँधी की
(ग) सरदार पटेल की (घ) सुभाषचन्द्र बोस की

9. प्रतिमा बनाने वाले का नाम था–
(क) मोतीलाल (ख) श्याममोहन (ग) हरिलाल (घ) रामलाल

10. नेता जी की मूर्ति लगवाई गई थी–
(क) वन विभाग द्वारा (ख) नगर पालिका द्वारा
(ग) नगर–निगम द्वारा (घ) शिक्षा विभाग द्वारा

11. भगत जी पद गाते थे–
(क) कबीर के (ख) सूर के (ग) मीरा के (घ) महोदवी के

12. 'बालगोबिन भगत' पाठ प्रहार करता है–
(क) कुरीतियों पर (ख) दहेज लोभियों पर (ग) शिक्षा पर (घ) राजनीति पर

13. बालगोबिन भगत साहब मानते थे–
(क) कबीरदास को (ख) सूरदास को (ग) रैदास को (घ) नंददास को

14. सच्चे साधु की पहचान होती है–
(क) पहनावे से (ख) भाषा से (ग) ईश्वर भक्ति से (घ) उसके विचारों से

15. बालगोबिन भगत गाते समय बजाते थे–
(क) ढोलक (ख) तबला (ग) गिटार (घ) खंजड़ी

16. फादर कामिल बुल्के ने एम.ए. किया–
(क) इलाहाबाद से (ख) भोपाल से (ग) बनारस से (घ) कलकत्ता से

17. फादर कामिल बुल्के राष्ट्रभाषा के रूप में देखना चाहते थे–
(क) अंग्रेजी (ख) फारसी (ग) हिन्दी (घ) फ्रेंच

18. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना फादर बुल्के के किस गुण से प्रभावित थे?
(क) दयालुता (ख) मानवता (ग) सरलता (घ) इन सभी गुणों से

19. फादर बुल्के के अभिन्न मित्र थे–
(क) धीरेन्द्र वर्मा (ख) डॉक्टर रघुवंश (ग) प्रेमचन्द (घ) अज्ञेय

20. फादर बुल्के का निधन हुआ–
(क) 70 की उम्र में (ख) 92 की उम्र में (ग) 73 की उम्र में (घ) 81 की उम्र में

21. मन्नू भंडारी के किस व्यवहार से तंग आकर प्रिंसिपल ने उनके पिता को बुलाया?
(क) अशिष्ट (ख) विनम्र (ग) दुष्ट (घ) आंदोलनकारी

22. मन्नूभंडारी के पिता ने उनका रौब देखकर अनुभव किया–
(क) चिंता (ख) गर्व (ग) क्रोध (घ) खुशी

23. मन्नू भंडारी को पसंद आए जैनेन्द्र के उपन्यास का नाम था–
(क) 'सुनीता' (ख) 'परख' (ग) 'त्याग पत्र' (घ) 'भाभी'

**प्र.2. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए–** **(एक अंकीय)**

1. जीवनी ............... की लिखी जाती है। ( स्वयं / महापुरूष )
2. आत्मकथा में लेखक ............. के जीवन का वर्णन करता है। ( स्वयं / अन्य )
3. प्रेमचंद ......... है। ( कवि / कथाकार )
4. एकांकी में .............. अंक होता है। ( एक / दो )

5. सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर चश्मा .......... बदलता था। ( हालदार साहब / कैप्टन )
6. कस्बे के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की ............. लगवा दी। ( प्रतिमा / फोटो )
7. नेता जी की मूर्ति .............. कपड़ों में थी। ( खादी / फौजी )
8. कस्बे से गुजरते समय ................ पान खाते थे। ( हालदार साहब / कैप्टन )
9. 'चलो दिल्ली' का नारा ................ ने दिया।( नेताजी / कैप्टन )
10. बालगोबिन भगत .............. कद के गौरे–चिट्टे आदमी थे। ( मँझोले / ऊँचे)
11. बालगोबिन भगत में ........... का चरमोत्कर्ष देखा जा सकता था।( प्रेमसाधना / संगीतसाधना )
12. बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के ........... हुई। ( विपरीत / अनुरूप )
13. आषाढ़ की रिमझिम है। समूंचा गाँव ............. में उतर पड़ा। ( नदियों / खेतों )
14. फादर बुल्के ........... की पढ़ाई छोड़कर सन्यासी हो गए। ( मेडिकल / इंजीनियरिंग )
15. फादर बुल्के की चिंता हिन्दी को ........... के रूप में देखने की थी। ( राजभाषा / राष्ट्रभाषा )
16. फादर की उपस्थिति ......... के वृक्ष की छाया जैसी लगती थी। ( पीपल / देवदारू )
17. फादर बुल्के ने सन्यास लेते समय ............ जाने की शर्त रखी थी। ( अमेरिका / भारत )
18. मन्नू भंडारी की बड़ी बहन का नाम .......... था। ( सुशीला / विनीता )
19. मन्नू भंडारी का प्रसिद्ध उपन्यास ............ है। ( 'आपका बंटी' / 'बुनियाद' )
20. महानगरीय जीवन .............. है। ( आत्मीयताहीन / आत्मीयता पूर्ण)
21. मन्नू भंडारी का जन्म .......... में हुआ। ( म.प्र. / राजस्थान )
22. पुराने जमाने में ........... के लिए कोई विश्वविद्यालयनहीं थे। ( स्त्रियों / पुरूषों )
23. कालिदास ........... भाषा के कवि है। ( संस्कृत / हिन्दी )
24. महावीर प्रसाद द्विवेदी, ........... युग के प्रर्वतक हैं। ( द्विवेदी युग / शुक्ल युग)
25. 'स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन' लेख सर्वप्रथम .......... में प्रकाशित हुआ। (1914 में संरस्वती में / 1920 में सरस्वती में )
26. आवश्यकता आविष्कार की ........... है। ( जननी / भगिनी )
27. आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार ............. है। ( संस्कृति / असंस्कृति )

**प्र.3.सही जोड़ी बनाकर लिखिए–** **(एक अंकीय)**

(1)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. महावीर प्रसाद द्विवेदी | (क) 'सरस्वती' |
| 2. रिपोर्ताज | (ख) बाबू गुलाबराय |
| 3. जयशंकर प्रसाद | (ग) शुक्ल युग |
| 4. आचार्य रामचंद्र शुक्ल | (घ) 'एक घूँट' |
| 5. 'मेरी असफलताएँ' | (ड़) फ्रेंच शब्द |

(2)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. 'नेताजी का चश्मा' | (क) मन्नू भंडारी |
| 2. रामवृक्ष बेनीपुरी | (ख) स्वयं प्रकाश |
| 3. 'मानवीय करूणा की दिव्य चमक' | (ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| 4. 'एक कहानी यह भी' | (घ) 'बालगोबिन भगत' |
| 5. 'स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्को का खंडन' | (ड़) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| 6. 'संस्कृति' | (च) भदंत आनंद कौसल्यायन |

(3)

| ‘अ’ | ‘ब’ |
|---|---|
| 1. ‘नेताजी का चश्मा’ | (क) रेखाचित्र |
| 2. ‘एक कहानी यह भी’ | (ख) कहानी |
| 3. ‘बालगोबिन भगत’ | (ग) आत्मकथा का अंश |
| 4. ‘संस्कृति’ | (घ) ‘संस्मरण’ |
| 5. ‘मानवीय करूणा की दिव्य चमक’ | (ड़) निबंध |
| 6. ‘स्त्री–शिक्षा के विरोधी कुतर्को का खंडन’ | (च) लेख |

(4)

| ‘अ’ | ‘ब’ |
|---|---|
| 1. स्वयं प्रकाश | (क) सन् 1899 |
| 2. रामवृक्ष बेनीपुरी | (ख) सन् 1947 |
| 3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | (ग)सन् 1927 |
| 4. हजारी प्रसाद द्विवेदी | (घ) सन् 1931 |
| 5. मन्नू भंडारी | (ड़) सन् 1905 |
| 6. भदंत आनंद कौसल्यायन | (च) सन् 1864 |

**प्र.4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** **(एक अंकीय)**

1. कहानी क्या है?
2. एकांकी में कितने अंक होते हैं?
3. निबन्ध की परिभाषा लिखिए।
4. संस्मरण का क्या अर्थ है?
5. गद्य की चार विधाएँ लिखिए।
6. कैप्टन की मृत्यु के पश्चात मूर्ति पर किस का बना चश्मा लगाया।
7. स्वयं प्रकाश के कितने कहानी–संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं?
8. कंपनी के काम के सिलसिले में कस्बे से कौन गुजरता था?
9. नेताजी की मूर्ति कितनी ऊँची थी?
10. ‘‘वह लंगड़ा क्या जाएगा फौज में। पागल है पागल!’’ कथन किसका था?
11. रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म किस गाँव में हुआ?
12. बालगोबिन भगत की उम्र क्या थीं?
13. पूर्व की ओर से बहने वाली हवा को क्या कहते हैं?
14. बेटे के मरने पर बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे?
15. फादर बुल्के का जन्म कहाँ हुआ?
16. फादर बुल्के को सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ने क्या कहा?
17. 'दिनमान पत्रिका’ का उपसंपादन किसने किया?
18. फारबुल्के को किस कब्रगाह में दफनाया गया।
19. मन्नू भंडारी का स्वभाव कैसा था?
20. मन्नू भंडारी का साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किसने कराया?
21. मन्नू भंडारी के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया था?
22. मन्नू भंडारी का विवाह किससे हुआ?
23. मन्नू भंडारी का रंग कैसा था?

24. प्राचीन काल में स्त्रियों की बोलचाल की भाषा कौन सी थी।
25. शास्त्रों में काशी किस नाम से प्रतिष्ठित है?
26. बौद्धों और जैनों के हजारों ग्रंथ किस भाषा में लिखे गए हैं।
27. हिन्दू वेदों को किसकी रचना मानते हैं?
28. मानव संस्कृति किस प्रकार की हैं?
29. तृष्णा के वशीभूत लड़ती कटती मानवता के सुख के लिए किसने अपना सर्वस्व त्याग किया?

**प्र.5. सत्य/असत्य लिखिए –** **(एक अंकीय)**

1. कहानी गद्य की विधा नहीं है।
2. उपन्यास में कई कथाओं का समावेश होता है।
3. गद्य का अर्थ होता है– बोलना या कहना
4. नाटक में एक अंक होता है।
5. कहानी उपन्यास की अपेक्षा छोटी होती हैं।
6. नेता जी की मूर्ति पत्थर की थी।
7. मूर्ति की आँखों में संगमरमर का चश्मा था।
8. कैप्टन को बिना चश्मे वाली नेताजी की मूर्ति बुरी लगती थी।
9. बाल गोबिन भगत हर वर्ष गंगा नहाने जाते थे।
10. बालगोबिन भगत की आजीविका का साधन कृषि था।
11. बालगोबिन भगत माह में प्रभाती गाना शुरू करते थे।
12. बालगोबिन भगत के मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन हुआ करता था।
13. भादों की अधरतियाँ में भगत गीत न गाते थे।
14. बालगोबिन भगत के दो बेटे थे।
15. फादर कामिल बुल्के की बहन जिद्दी और सख्त थी।
16. फादर कामिल बुल्के की मृत्यु मुंबई में हुई।
17. फादर कामिल बुल्के को बहुत क्रोध आता था।
18. फादर कामिल बुल्के की कर्मभूमि भारत रही।
19. 'परिमल' एक साहित्यिक संस्था है।
20. मन्नू भंडारी की अपने पिता से वैचारिक टकराहट थी।
21. मन्नू भंडारी के पिता रसोई को 'कबाबखाना' कहते थे।
22. मन्नू भंडारी मूलतः एक कहानीकार हैं।
23. मन्नू भंडारी के घर में अतिथि सत्कार प्रिय वातावरण था।
24. डाक्टर साहब मन्नूभंडारी के परिवारिक चिकित्सक थे।
25. प्राचीन भारत में स्त्रियाँ अत्यंत विदुषी थीं।
26. मंडन मिश्र की पत्नी ने शास्त्रार्थ में शंकराचार्य को पराजित किया था।
27. 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किया।
28. अत्रि की पत्नी, पत्नी–धर्म पर व्याख्यान नहीं दे पाती थी।
29. सभ्यता है संस्कृति का परिणाम।
30. आग के अविष्कार में पेट की भूख की प्रेरणा एक कारण रही।

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के 30–30 शब्दों में उत्तर दीजिए।** **(2 अंक के प्रश्न)**

1. गद्य क्या है ?
2. गद्य की प्रमुख विधाएँ लिखिए।
3. हिन्दी साहित्य में गद्य के विकास का काल–विभाजन लिखिए।
4. कोई दो उपान्यास के नाम एवं उनके लेखकों के नाम लिखिए।
5. किन्हीं दो कहानीकारों के नाम एवं उनकी दो–दो कहानियों के नाम लिखिए।
6. नाटक और एकांकी में दो अन्तर लिखिए।
7. कहानी और उपन्यास में दो अन्तर लिखिए।
8. रेखाचित्र और संस्करण में दो अंतर लिखिए।
9. आत्मकथा और जीवनी में दो अंतर लिखिए।
10. लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी के लेखन की विशेषताएँ लिखिए।
11. मन्नू भंडारी के साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
12. महावीर प्रसाद द्विवेदी की भाषा एवं शिल्प पर प्रकाश डालते हुए उनकी दो रचनाएँ लिखिए।
13. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की भाषा–शैली एवं दो रचनाएँ लिखिए।
14. रामवृक्ष बेनीपुरी, मन्नू भंडारी एवं भदंत आनंद कौसल्यायन की 2–2 रचनाओं के नाम लिखिए।
15. सेनानी न होते हुए भी चश्मेंवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?
16. पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।
17. कैप्टन बार–बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था ?
18. बालगोबिन भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?
19. बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की ?
20. बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।
